(iv) Using the electronic clearing system of RBI to directly credit dividends to the bank accounts of unit holders in selected metropolitan centres;

(vii) To facilitate investment, during 1996-97 UTI has offered eleven new schemes for domestic investors and three off-shore schemes for off-shore investors.

UTI has also undertaken several measures to strengthen its fund management activities during 1996-97 including posting of additional professional manpower in the fund management departments, strengthening the Equity Research departments, setting up of a separate Investment Monitoring Department and three independent Asset Management Committees to review the performance of Unit Scheme, 1964, 19 growth schemes and 43 debt/income schemes.

बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा गैर-सरकारी क्षेत्र को प्रदान किये गये ऋण

1458. **श्री इकबाल सिंह:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गैर सरकारी क्षेत्र को राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों द्वारा दिए गए ऋण का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन ऋणों का बैंक-वार, संस्थान-वार और कम्पनी-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस अवधि के दौरान अब तक गैर सरकारी क्षेत्र में किए गए निवेश का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) से (ग) मांगी गई सूचना का आकार इतना व्यापक है जिसे प्रश्न के उत्तर में दिया जाना सम्भव नहीं है तथा इस सूचना को एकत्रित करने और उसके समेकन में जो मेहनत लगेगी वह अपेक्षाकृत बहुत अधिक होगी।

भारतीय रुपए का मूल्य

1459. **श्री इकबाल सिंह:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनवरी, 1997 से जून, 1997 तक की अवधि में अखिल भारतीय स्तर पर रुपए का मूल्य क्या रहा;

(ख) उक्त अवधि में दिल्ली, चेन्नई, मुंबई, बंगलौर, हैदराबाद और कलकत्ता जैसे बड़े-बड़े शहरों में रुपए के मूल्य का ब्यौरा क्या है; और

(ग) रुपए का मूल्य गिरने के क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) जनवरी, 1997 से मई, 1997 के दौरान, जिस अवधि के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक उपलब्ध है, अखिल भारतीय आधार पर भारतीय रुपए का मूल्य नीचे सूचीबद्ध किया गया है:

महीना	रुपए का मूल्य (1982=100)
	(पैसे)
जनवरी, 1997	28.57
फरवरी, 1997	28.57
मार्च, 1997	28.49
अप्रैल, 1997	28.25
मई, 1997	28.41

(ख) औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जिसका आधार प्रत्येक शहर के लिए 1982=100 है, पर आधारित रुपए का मूल्य नीचे सूचीबद्ध किया गया है: